## जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी।

## मासिक आख्या– जनवरी, 2018

पत्र संख्या:– 94 /तेरह–आ0प्र0प्रा0 दिनांक 15 फरवरी, 2018

1. **दिनांक 02 से 03 जनवरी, 2018 तक रामलीला मैदान, उत्तरकाशी में वर्ष 2022** तक कृषकों की आय दोगुनी करने के संकल्प के साथ कृषि महोत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त विकास मेले में आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा अग्निशमन/एस0डी0आर0एफ0 एवं पुलिस के सहयोग से आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी उपकरणों के प्रदर्शन का स्टॉल लगाया गया जिसके साथ ही आम–जनमानस को आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी अन्य जानकारियॉ भी प्रदान की गयी।






2– **जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा एस0डी0आर0एफ0 के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा** योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में राजकीय इण्टर कॉलेज कवां एट हाली के राष्ट्रीय सेवा योजना के 25 स्वंयसेवी प्रतिभागियों को शिविर केन्द्र, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय निसमोर विकास खण्ड भटवाडी में दिनांक 08 जनवरी, 2018 को उपस्थित ग्राम वासियों सहित आपदा प्रबन्धन सम्बन्धित जानकारी, प्राथमिक उपचार तथा प्राथमिक रूप से राहत–बचाव की जानकरी दी गयी।





3– **जनपद में महसूत किये जा रहें भूकम्प के झटकों के दृष्टिगत जनपद आपदा प्रबन्धन** प्राधिकरण अन्तर्गत दिनांक 08 जनवरी, 2018 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में, आई0आर0एस0 अन्तर्गत नामित अधिकारियों एवं विभागीय नोडल अधिकारियों की बैठक/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में आपदा प्रबन्धन के अन्तर्गत गठित INCIDENT RESPONSE SYSTEM (IRS) दिशानिर्देशों के अनुसार आपदा प्रबन्धन हेतु उत्तरदायी सभी अधिकारियों को आई0आर0एस0 के विभिन्न पक्षों की जानकारी व अपने उत्तरदायित्वों के अनुसार किये जाने वालें कार्यो से अवगत कराते हुये सम्बन्धितों को आई0आर0एस0 सम्बन्धी विभिन्न प्रारूप, मैनवल व बुकलेट आदि वितरित की गयी। स्टेजिंग ऐरिया मेनेजर, भण्डारण अधिकारी एवं एयर बेस अधिकारी आदि नामित किये गये।

**इसके अतिरिक्त जनपद में प्रस्तावित जी0एस0आई0 सेल की स्थापना व उक्त** हेतु आवश्यक डाटा एवं इसके उपयोग के सम्बन्ध में प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजन किया गया।





4– **दिनांक 14 से 21 जनवरी, 2018 तक आयोजित होने वाले पैराणिक/धार्मिक/सांस्कृतिक** एवं विकासोन्मुखी माघ मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रतिदिन 20000 से 25000 लोग आते है। उक्त मेले में आम–जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा मेला का सुरक्षा प्लान तैयार कर मेले में स्थापित अवसंरचनाओं यथा मंच, पण्डाल एवं झूलों का सुरक्षा के दृष्टिगत दैनिक तकनीकी निरीक्षण करवाया गया। समस्त अवसंरचनाओं में अग्निशमन उपकरणों भी रखवाये गये। आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा अग्निशमन/एस0डी0आर0एफ0 एवं पुलिस के सहयोग से आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी उपकरणों के प्रदर्शन का स्टॉल लगाया गया जिसके साथ ही आम–जनमानस को आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी अन्य जानकारियॉ भी प्रदान की गयी।








**जनपद में संचालित राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार के वित्त** पोषित कार्यक्रम (Sustainable Reduction in Disaster Risk) के अन्तर्गत माघ मेले में दिनांक 19.01.2018 को मेला मंच पर 30 मिनट का नुक्कड नाटक की प्रस्तुति की गयी। जिसका मुख्य उद्देश्य भूकम्प सुरक्षित घर बनाने तथा आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य में जन सहभागिता सुनिश्चित कराना था। उक्त का प्रसारण स्थानीय केबल ऑपरेटरों के माध्यम से टी0वी0 पर भी प्रसारित किया गया।






5– **भारतीय मौसम विभाग, देहरादून द्वारा 23.01.2018 को अपरान्ह 1:00 बजे जारी** पूर्वानुमान के अनुसार अगले 24 घण्टों में जनपद में हल्की से मध्यम वर्षा तथा 3000 मीटर व उससे अधिक ऊँचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी होने की सम्भावना के दृष्टिगत जनपद में सम्बन्धित खोज–बचाव, विघुत, पेयजल एवं लोक निर्माण विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिये गये तथा संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक मात्र में मशीनरी/मजदूर तैनाती के निर्देश दिये गये।







दिनांक 23.01.2018 को रात्रि में बर्फवारी से गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सुक्की से आगे तथा यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग राडीटॉप, स्यानाचट्टी, जानकीचट्टी आदि स्थानों पर अवरूद्ध हुआ। उत्तरकाशी–लम्बगांव राज्यमार्ग चौरंगीखाल तथा सुवाखोली–मसूरी मोटर मार्ग बर्फवारी से अवरूद्ध हुये।

दिनांक 24.01.2018 को प्रातः 6:00 बजे से उक्त अवरूद्ध मोटर मार्गों को खोलने का कार्य प्रारम्भ किया गया। यमुनोत्री मार्ग प्रातः 11:00 बजे तक राडी टॉप के पास सुचारू किया गया। गंगोत्री मार्ग अपरान्ह 3:00 बजे तक सुक्की टॉप से आगे सुचारू किया गया। सुवाखोली मोटर मार्ग प्रातः 9:30 बजे सुचारू किया गया। इसके अतिरिक्त भटवाडी क्षेत्र एवं मोरी क्षेत्र में बर्फवारी से विद्युत व्यवस्था बाधित हुयी, जिसे प्रातः 11:00 बजे तक सुचारू किया जा सका। उक्त कार्य में आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा समस्त कार्यो में सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।





जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वयं जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र में उपस्थित रहकर उक्त कार्यो का परिवेक्षण किया गया।

6. **दिनांक–18–01–2018 पुलिस चौकी डुण्डा से के पास ट्रक संख्या यू0के009सी0ए0–0196** अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया है जिसके कारण मार्ग अवरूद्ध हो गया था, उक्त मार्ग को सुचारू करने हेतु सीमा सड़क संगठन से समन्वय कर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गयी।

7– **वनाग्नि काल 2018 से पूर्व वनाग्नि से रोकथाम हेतु वर्तमान समय जनपद के विभाग** प्रभागों द्वारा वनों में कन्ट्रोल बर्निग की कार्यवाही गतिमान रही। कन्ट्रोल बर्निग की तिथि/स्थानवार रोस्टर तैयार करवाते हुये जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र से प्रतिदिन निगरानी की गयी। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जनपद के वन प्रभागों को आगमी वनाग्नि रोकथाम हेतु प्लान तैयार किये जाने के निर्देश दिये गयेहै। इसके अतिरिक्त जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी द्वारा प्रतिदिन वन विभाग से सम्पर्क कर कन्ट्रोल बर्निग की सूचना प्राप्त की जाती रही ।

8– **जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा विगत माह मोरी के पुष्टहार बुग्याल में घटित घटना** में खोज–बचाव हेतु पुलिस/एस0डी0आर0एफ0 के पास हाई अल्टीटॅट प्रशिक्षित खोज–बचाव कार्मिक नहीं होने के कारण खोज–बचाव में कठनाई हुयी। उक्त के दृष्टिगत माह फरवरी, 2018 में वनविभाग एवं पुलिस के कुल 15 कार्मिकों को 35 वी वाहिनी, आई0टी0बी0पी0,बी0ओ0पी0 (निलांग/जांदुग) में आई0टी0बी0पी0 द्वारा हाई अल्टीटूयूट खोज–बचाव प्रशिक्षण का आयोजन जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु कार्यवाही गतिमान है।

9– **21.01.2018 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाटा के पास दुपहिया वाहन** संख्य–यू0के007/एन–2122 दुर्घटनाग्रस्त हुयी उक्त वाहन में 02 लोग सवार थे जो घायल हुये। उन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया।

10– **25.01.2017 को जोगत मोटर मार्ग पर बदानगांव के पास वाहन संख्या**–यू0के007/टी0ए0–6028 दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमे वाहन चालक ही सवार था की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी थी।

11. **दिनांक 26.01.2018 को प्रातः लगभग 5:00 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर** बर्नीगाड–चामी के मध्य वाहन संख्या– एच0पी0/10ए0–4194 दुर्घटनाग्रस्त हुआ उक्त वाहन में सवार 04 लोगों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एस0डी0आर0एफ0, पुलिस/राजस्व विभाग से समन्वय कर उक्त दुर्घटना में हताहत लोगों के राहत–बचाव कार्य सम्पन्न किया गया।

12 **गणतंत्र दिवस समारोह पर जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा पुलिस लाईन में** पुलिस/एस0डी0आर0एफ0 के सहयोग से झांकी में आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी जानकारी के साथ सम्मिलित हुये इसके साथ ही विभिन्न दुर्घटनाओं एवं घटनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कमचारिर्यो को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/ जिलाधिकारी की उपस्थिति में सम्मानित कर उनके मनोबल को बढ़ाया गया।








**जनपद में संचालित राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार के वित्त पोषित कार्यक्रम (Sustainable Reduction in Disaster Risk) के अन्तर्गत निम्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।**

**दिनांक 23.01.2018 को भटवाडी इण्टर कॉलेज में आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी प्रशिक्षण,** प्राथमिक उपचार एवं मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 300 छात्र/छात्राओं सहित विद्यालय में तैनात कार्मिकों एवं स्थानीय जनता द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस, एस0डी0आर0एफ0 एवं रेडक्रास के सदस्यों सहित एन0आई0एम0 से खोज–बचाव प्रशिक्षण प्राप्त

संसाधन व्यक्ति आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अन्तर्गत स्कूल आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना का उच्चीकरण एवं आपदा की स्थिति में होने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में अभ्यास किया गया।



–



**दिनांक 23.01.2018 को भटवाडी इण्टर कॉलेज में आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी प्रशिक्षण,** प्राथमिक उपचार एवं मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 250 छात्र/छात्राओं सहित विद्यालय में तैनात कार्मिकों एवं स्थानीय जनता द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस, एस0डी0आर0एफ0 एवं रेडक्रास के सदस्यों सहित एन0आई0एम0 से खोज–बचाव प्रशिक्षण प्राप्त संसाधन व्यक्ति आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अन्तर्गत स्कूल आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना का उच्चीकरण एवं आपदा की स्थिति में होने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में अभ्यास किया गया।





**दिनांक 28.01.2018 को राजकीय इण्टर कॉलेज, गंगोरी में आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी प्रशिक्षण**, प्राथमिक उपचार एवं मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 295 छात्र/छात्राओं सहित विद्यालय में तैनात कार्मिकों एवं स्थानीय जनता द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस, एस0डी0आर0एफ0 एवं रेडक्रास के सदस्यों सहित एन0आई0एम0 से खोज–बचाव प्रशिक्षण प्राप्त





संसाधन व्यक्ति आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अन्तर्गत स्कूल आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना का उच्चीकरण एवं आपदा की स्थिति में होने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में अभ्यास किया गया।

**दिनांक 29.01.2018 को राजकीय इण्टर कॉलेज, कंवा एट हाली में आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी** प्रशिक्षण, प्राथमिक उपचार एवं मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 145 छात्र/छात्राओं सहित विद्यालय में तैनात कार्मिकों एवं स्थानीय जनता द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस, एस0डी0आर0एफ0 एवं रेडक्रास के सदस्यों सहित एन0आई0एम0 से खोज-बचाव प्रशिक्षण प्राप्त संसाधन व्यक्ति आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अन्तर्गत स्कूल आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना का उच्चीकरण एवं आपदा की स्थिति में होने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में अभ्यास किया गया।







इसके अतिरिक्त जनपद में कृषि महोत्सव एवं विकास मेले, माघ मेले की तैयारियों के सम्बन्ध में सहयोग प्रदान करते हुये एस0डी0एम0ए0 की बैठक/प्रिशिक्षण में प्रतिभाग किया गया। आपदा पुनर्निर्माण कार्यो की समीक्षा में सहयोग प्रदान करते हुये स्वच्छता अभियान, जल क्रीडा के आयोजन, कृषिकों की आजीविका संबर्धन कार्यक्रम में सहयोग के साथ-साथ आगामी चारधाम यात्रा तैयारी कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुये उच्चाधिकारियो द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों का पालन भी सुनिश्चित किया गया है।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः-** निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।